1	2	3	4	5
7.	नागालैण्ड	—	—	—
8.	राजस्थान	1	1	1
9.	मध्य प्रदेश	1	1	2
10.	उड़ीसा	2	2	2
11.	महाराष्ट्र	59	60	68
12.	गुजरात	13	13	14
13.	गोश्रा	1	1	1
14.	तमिलनाडु	9	9	10
15.	कर्नाटक	11	13	13
16.	पांडिचेरी	—	—	—
17.	आन्ध्र प्रदेश	13	13	14
18.	केरल	2	2	2
	जोड़ अखिल भारत	137	140	153

बड़ी सिंचाई परियोजनाओं के निर्माण के लिए स्वीकृत धनराशि

1353. **श्री आर० एन० राकेश :** क्या सिंचाई मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत तीन वर्षों के दौरान विभिन्न राज्यों में प्रत्येक बड़ी सिंचाई परियोजना के निर्माण के लिए स्वीकृत धनराशि का ब्यौरा क्या है ;

(ख) गत तीन वर्षों के दौरान प्रत्येक राज्य ने इन सुविधाओं का कितना-कितना उपयोग किया है ;

(ग) क्या यह सच है कि छोटे किसान इन सिंचाई सुविधाओं का इन की अधिक लागत होने के कारण लाभ नहीं उठा पा रहा रहे हैं ; और

(घ) यदि हां, तो इस सम्बन्ध में छोटे किसानों की सहायता के लिए सरकार ने क्या उपाय किए हैं ?

सिंचाई मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री जियाउर्रहमान अंसारी) : (क) से (घ). सूचना एकत्र की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जाएगी।

आलू और प्याज के संबंध में कृषि मूल्य आयोग की सिफारिश

1354 **श्री आर० एन० राकेश :** क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने कृषि मूल्य आयोग से आलू और प्याज के समर्थन मूल्य के बारे में अपनी सिफारिश भेजने का अनुरोध किया है ;

(ख) यदि हां, तो देश के बड़े नगरों और राजधानी में इस समय उनके विद्यमान मूल्य की स्थिति क्या है ;

(ग) क्या उनकी बढ़ती हुई कीमतों को देखते हुए सरकार उन पर नियन्त्रण करने के लिए कुछ उपाय कर रही है ; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्योरा क्या है ?

कृषि तथा ग्रामीण पुनर्निर्माण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री आर० वी० स्वामीनाथन) : (क) भारत सरकार ने कृषि मूल्य आयोग से वर्ष 1981-82 के मौसम के लिए आलू और प्याज के समर्थन मूल्य के बारे में अपनी सिफारिशें भेजने को नहीं कहा।

(ख) प्रमुख नगरों में आलू व प्याज के थोक मूल्यों का ब्योरा नीचे दिया गया है:

आलू के थोक मूल्य (रुपये प्रति क्विंटल)

(1) बम्बई 110.00 रुपये (13-11-81)

(2) कलकत्ता 125.00 रुपये (6-11-81)

(3) दिल्ली 62.50 रु० से 90.00 रु० (25-11-1981)

(4) फरुखाबाद 75.00 रुपये (13-11 1981)

(5) बंगलोर 120.00 रुपये (13-11 1981)

प्याज के थोक मूल्य (रुपये प्रति क्विंटल)

(1) बम्बई 185.00 रुपये (13-11 1981)

(2) दिल्ली 150 रुपये से 237.50 रुपये तक (25-11-81)

(3) लासलगांव 135.00 रुपये (13-11-81)

(4) नासिक 175.00 रुपये (6-11-81)

(5) हैदराबाद 130.00 रुपये (13-11-82)

(ग) और (घ). देश में आलू के चालू मूल्य उचित स्तर पर हैं।

जैसे ही प्याज के मूल्यों में वृद्धि की प्रवृत्ति शुरू हुई सरकार ने नेफेड, सुपर बाजार तथा दिल्ली प्रशासन के नागरिक आपूर्ति निगम को हस्तक्षेप करने के लिए कहा। वे 1.75 रुपये से 2.00 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से प्याज बेच रहे हैं। नेफेड भी देश के 16 अन्य केन्द्रों को प्याज भेज रहा है।

Supply of Foodgrains to States

1355. SHRI A. K. ROY: Will the Minister of AGRICULTURE be pleased to state:

(a) amount of foodgrains supplied to the different States and Union Territories in the country in the year 1980 and 1981 till October with month-wise break up in details;

(b) whether his attention has been drawn to the statement of the Chief Minister of Bihar against the inadequate supply of wheat this year to Bihar; and

(c) if so, reaction thereto?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF AGRICULTURE AND RURAL RECONSTRUCTION (SHRI R. V. SWAMINATHAN): (a) The month-wise break up of the quantum of foodgrains supplied to various States/Union Territories during the year of 1980 and 1981 (upto October) has been indicated in the Statement laid on the Table ofthe House [*Placed in Library. See No.* LT-2977/81]